**श्री सभापति :** यह मैटर सबज्युडिस है ...(व्यवधान)... यह मैटर सबज्युडिस है, मैं अब भी कहता हूं ...(व्यवधान)...

**प्रो. राम देव भंडारी :** श्रीमन् , मैं कहना चाहता हूं कि यह जितने भी समाचार पत्र हैं, उनमें छपा है । ...(व्यवधान)...

**श्री एस.एस. अहलुवालिया :** सर, आप ने रूलिंग दी है कि यह मसला सब्जुडिस्ड है और इसे कार्यवाही से निकाला जाएगा, पर यहां लाइव टैलीकास्ट हो रहा है। इसे लाइव टैलिकास्ट से कैसे निकाला जाएगा। ...(व्यवधान)... अगर यह सब्जुडिस्ड मसला है तो सारे टी0वी0 बंद कराए जाएं । ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति :** उन्हें कोई ऐसी बात नहीं बोलने दी जाएगी ।

**प्रो. राम देव भंडारी :** सवेरे आप सब कुछ भूल गए थे । इन को सुबह कुछ याद नहीं था। सुबह से लाइव टैलिकास्ट हो रहा है, तब इन को याद नहीं था ...(व्यवधान)...

**श्री एस. एस. अहलुवालिया :** जो चीज लाइव टैलिकास्ट हो रही है, उसको कैसे निकालेंगे?

**श्रीमती सरला माहेश्वरी**(पश्चिमी बंगाल) **:** अब आपको लाइव टैलिकास्ट से डर लग रहा है । ...(व्यवधान)...

**प्रो. राम देव भंडारी :** माननीय सभापति जी, आप ने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया है । मैं आप का आभार व्यक्त करता हूं ।

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I have an information that the former Prime Minister, Shri P.V. Narasimha Rao, has died. I request the Minister to confirm it.

**श्री सभापति :** ठहरिए, इस में क्लैरीफिकेशन की जरूरत नहीं है। आप बैठिए।

---

## INFORMATION TO THE HOUSE

### Passing away of Shri P.V. Narshimha Rao, former Prime Minister of India

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा ससंदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुरेश पचौरी) **:** परम् आदरणीय सभापति महोदय, मुझे बहुत दुख के साथ सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री नरसिंह राव जी का देहावसान हो गया है।

**श्री सभापति :** आप ने बहुत ही दुखद् संदेश दिया है । हम सब सदन की तरफ से ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन की आत्मा को शांति प्रदान करे । उन्होंने जो देश की सेवाएं

की हैं, उन को स्मरण करते हुए मैं सदन से आग्रह करता हूं कि हम उन के सम्मान में एक मिनट का मौन धारण करें ।

(Hon. *Members then stood in silence for one minute)*

(The National Song, *"Vande Mataram",* was then played.)

**श्री सभापति :** सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned sine die at forty-four minutes past two of the clock.